## खबर संक्षेप

### जनमन योजना के लिए दल का किया गठन

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सामान्य प्रशासन विभाग अंतर्गत संचालित योजना जाति प्रमाण पत्र से चयनित 11 ग्रामों के बैगा हितग्राहियों को शत- प्रतिशत लाभान्वित किये जाने हेतु शिवरों का आयोजन करनें हेतु आदेशित किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश में अधिकारियों कर्मचारियों के दल का गठन किया जाकर ढीमरखेड़ा अंतर्गत शिविर तिथियों के पूर्व संबंधित दल प्रभारी एवं प्रभारी के सहयोग हेतु लगाये गये संबंधित कर्मचारी अनिवार्यतः ग्रामों का भ्रमण कर संबंधित ग्राम के जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु हितग्राहियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है। संबंधित हितग्राही से आवश्यक (आवेदन निर्धारित शुल्क) दस्तावेजों सहित आवेदन तैयार कर 10 जनवरी तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम ऑनलाईन दर्ज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### डीलरशिप के नाम पर 2 लाख की धोखाधड़ी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सिहुड़ी के एक युवक के साथ खाद बीज की डीलरसिप देने के नाम पर 2 लाख 10 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर निवासी तीन लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि ग्राम सिहुड़ी निवासी 24 वर्षीय आलोक पिता जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी से 23 अक्टूबर 2013 से 31 अक्टूबर 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में जोशी टोला निवासी अविनाश सिंह, डी के शुक्ला व सतीश पिता विश्वेशर दयाल शर्मा ने खाद बीच की डीलरसिप देने के लिए संपर्क किया। इस दौरान यूपी निवासी सभी युवकों ने आलोक से डीलरसिप देने के नाम पर लगभग 2 लाख 10 हजार रूपए लिए। इसके बाद यूपी के सभी युवक लापता हो गए। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत आलोक के द्वारा पुलिस से की गई। पुलिस ने यूपी निवासी सभी युवकों के विरूद्ध धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में कटनी ननि का डंका

**कटनी** । स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के विगत दिवस घोषित हुए परिणामों में नगर निगम कटनी को ODF++ से नवाजा गया है। महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में एक बार फिर कटनी नगर निगम का डंका प्रदेश भर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए बज गया। नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर को कचरा मुक्त बनाने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गत दिवस जारी हुई रैंकिंग इसका परिणाम है। महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक तथा नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### ग्राम भनपुरा नंबर 1 का मामला, दो दिन से लापता था बालक

# बच्चे की हत्या कर नदी किनारे दफनाया डॉग स्क्वाड के साथ की गई जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दो दिन से लापता एक बालक का शव नदी के किनारे गड्ढे में दफन मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे की हत्या कर नदी के पास एक गड्ढे में दफन कर दिया। दूसरी ओर परिजन दो दिनों से बालक की तलाश कर रहे थे।

शनिवार को जब सूत्रों से घटना के संबंध में माधव नगर पुलिस को जानकारी लगी तो आनन फानन में माधव नगर थाने का बल एवं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर जा पहुंचे और विशेषज्ञों की टीम के जरिए गड्ढे में दफन बालक के शव को दोबारा गड्ढा खोदकर बाहर निकलवाया। माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भनपुरा क्रमांक 1 में हुई इस घटना के कारण समूचे क्षेत्र में खलबली मची हुई है।

सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा ने बताया कि गत 4 जनवरी की शाम भानपुरा क्रमांक 1 ग्राम निवासी यादव परिवार का 11 वर्षीय बालक दोपहर लगभग तीन से चार बजे के बीच घर से खेलने के लिए निकला था, इसके बाद वह वापस लौट कर घर नहीं



आया। परिजनों की सूचना के आधार पर माधव नगर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर बालक की तलाश कर रही थी।

#### जबलपुर से पहुंची जांच टीम

नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव के समीप स्थित सिमरार नदी के किनारे अज्ञात आरोपी के द्वारा हत्या कर बच्चे को एक गड्ढे में दफना दिया गया था। सूचना मिलने के बाद शनिवार जबलपुर से एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वाड को बुलाकर गड्ढे में दफन बच्चे के शव को निकाला गया। मृत बच्चे का शव परीक्षण कराते हुए हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को जल्द पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### एसपी, सीएसपी रहे मौजूद

बालक की निर्मम हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में घटनास्थल की सघनता से जांच की गई। घटना के बाद समूचे गांव में मातम छा गया है। पुलिस आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गई है।

### ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के कोहका और सिहुंड़ी के बीच मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार जबलपुर के मझगवां थाना के खंपरिया खितौला निवासी आकाश पिता मम्मू कोल 27 वर्ष अपने साथी पवन कोल के साथ मोटर साइकिल से स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के डोंगरिया गांव पवन की ससुराल गए थे। रात को दोनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कोहका गांव से सिहुंडी की तरफ बढ़े एक ट्रक ने उनको पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस 108 से दोनों को जिला अस्पताल में भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आकाश को मृत घोषित कर दिया।



# 7 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में शनिवार को जिले की चार जनपद पंचायतों के 7 ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गयां। यात्रा के माध्यम से जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में आई.ई.सी वैन (प्रचार रथों) के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार -प्रसाद किया जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करनें की कार्यवाही की जा रही है।

शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम बुधनवारा एवं किरहाई पिपरिया, ढीमरखेडा के ग्राम खंदवारा एवं पोड़ीकला, रीठी के ग्राम गुरजीकला एवं विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम सिजहनी एवं कारीतलाई पहुंची। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने स्वयं अपनी जुबानी अपने अनुभव साझा किये। यात्रा के दौरान प्रचार रथों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का संदेश एवं विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसे ग्रामीणों के द्वारा देखा व सुना गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गएं।

### चयन ट्रायल में 150 से अधिक प्रतिभागी रहे शामिल

# मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे चयनित खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला मास्टर मीट एथलेटिक्स संघ कटनी के तत्वाधान में मध्यप्रदेश दल की चयन ट्रायल 24.12.2023 को कैलरीज इंडिया। रिफैक्ट्री (ए.सी.ई.) कटनी में आयोजित की गयी। चयन ट्रायल में विभिन्न जिलों के लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया चयन ट्रायल 30 प्लस से 75 प्लस तक के वर्ग में थी। इस चयन ट्रायल में विजेता प्रतिभागी महाराष्ट्र मुम्बई में दिनांक 2 से 4 फरवरी 2024 तक



होने वाले राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के वरिष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहणी दादा रीठी, सी.बी.एस. अहिरवार डी.पी.एस : को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में अशोक विश्वकर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष के अतिथ्य में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि अनूप डांगीवाला शिक्षा विभाग, सुनील रजक सायना स्कूल, संजीव नैयर, रंजन ग्रोवर, श्रेयश भास्कर, मनीष सर (पियोना चाय), एवं विशेष सहयोग जनरल मैनेजर कैलरीज इंडिया रिफैक्ट्री कटनी थें।

आयोजन में सहयोगी एवं परामर्श विजय भार (खेल एवं कल्याण विभाग) गोपाल शर्मा, पंचम जैन, फारूक अंसारी, बैनर्जी दादा, विरेन्द्र सिंह, प्रभू बैरागी, नवीन जग्गी, विनोद बहेलिया, संदीप मौर्य (लोहा सिंह) के विशेष सहयोग एवं आर्शीवाद से 5 प्रतियोगिता सफल रही।

### बारिश से जर्जर सड़क कीचड़ से सनी, लोग परेशान



झलवारा स्टेशन से मझगवां फाटक के बीच इरकान व एलएंडटी कंपनी के द्वारा ग्रेड सेपरेटर का काम किया जा रहा है लेकिन रेलवे का यह निर्माण कार्य शहर व उपनगरीय क्षेत्र के कुछ रहवासियों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। भारी भरकम वाहनों की वजह से अधिकांश सडक़े पूरी तरह से खराब हो चुकि हैं। जिसके कारण बारिश के पूर्व सडक़ों से धुल डस्ट से परेशानी थी तो गत दिवस हुई बारिश के बाद किचड़ से सनी सडक़ों के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है।

# ओवरलोड परिवहन पर 3 ट्रक किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर से ओवरलोड गिट्टी कटनी लाए जाने की शिकायतों के मद्दे नजर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज विभाग को सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ छाप मार्ग कार्यवाही करते हुए श्रीनगर के पास तीन ओवर लोड ट्रकों को जप्त किया। पकड़े गए तीनों ओवरलोड ट्रक स्लीमनाबाद थाने में खड़े कराए गए हैं।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आज शाम लगभग चार बजे स्लीमनाबाद



के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 7138, ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेडएफ 7863 एवं ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड डी 7463 को ओवरलोड गिट्टी लेकर जाते हुए पकड़ा गया। उक्त तीनों ही ट्रक चालक जबलपुर से क्षमता से अधिक गिट्टी लोड करके कटनी जा रहे थे। तीनों ट्रकों को जब्त करके स्लीमनाबाद थाने में खड़ा कराया गया है। प्रकरण दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही के दौरान सहायक खनिज अधिकारी श्री कुशवाहा के साथ खनिज इंस्पेक्टर कमलकांत परस्ते सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### छात्रों के उपस्थित होने पर कोर्स पूर्ण कराने के शिक्षकों को दिये निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ नें स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों के रिजल्ट मे सुधार लानें हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा विभागीय अमले के साथ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबन्द, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहुंटा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकल का औचक निरीक्षण किया जाकर वहां की शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहूंटा में छात्रों की उपस्थिति दर्ज छात्र संख्या के अनुरुप पाई गई। खराब मौसम के कारण बहोरीबन्द और बाकल में छात्रों की उपस्थिति में अंतर पाये जाने पर विद्यार्थिओं की



उपस्थिति बढाने के निर्देश प्राचार्यों को दिये गये। साथ अनुपस्थित विद्यार्थिओं के उपस्थित होने पर जो कोर्स पूर्ण नहीं हुआ है उसे पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये गये।

निरीक्षण में स्कूलों में मिशन आधार मिशन 45 और फाईनल 30 का अभ्यास उपस्थित विद्यार्थिओं की अभ्यास पुस्तिका में देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि द्वारा स्कूलों के औचक निरीक्षण का कार्य आगे भी अनवरत जारी रखा जायेगा।

### 22 जनवरी को निकट के मंदिर में आने का आमंत्रण दे रहे रामसेवक

# घर घर जाकर दिए जा रहे अयोध्या से आए अक्षत एवं भगवान राम का चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण गृह संपर्क अभियान के निमित्त रामसेवक कटनी नगर के प्रत्येक बस्ती मोहल्ले में घर-घर जाकर के अयोध्या जी से आए हुए अक्षत,भगवान राम का चित्र और आमंत्रण दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या जी में होने जा रही है, हम सभी 22 तारीख को अयोध्या जी नहीं पहुंच पाएंगे इस निमित सभी रामसेवक घर-घर जाकर के 22 तारीख हेतु निकट के बस्ती मोहल्ले के मंदिर में सभी को आने का आमंत्रण दे रहे हैं, 22 तारीख को सभी मंदिरों में श्री राम मंदिर अयोध्या जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण होगा दोपहर 11:00 बजे से 1:00 बजे तक श्री राम जय राम जय जय राम का जाप भए प्रगट कृपाला की स्तुति का जाप होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात हवन और यज्ञ भंडारा का कार्यक्रम सभी मंदिरों में होगा श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण अभियान समिति के जिला संयोजक अमित कनकने ,सह संयोजक राहुल दुबे,प्रांत सह







संयोजक उमेश मिश्रा ने 22 तारीख को जनों से अपने-अपने घरों में रात्रि में दीप जला करके लाइटिंग करके भगवान राम जी के आगमन पर स्वागत करने का आग्रह किया है, इसी श्रृंखला में द्वारका सिटी कटनी में भी घर-घर जाकर आमंत्रण देने का अभियान हुआ जिसमें सतना विभाग के विभाग प्रचारक श्रवण भाई के साथ-साथ प्रभु दयाल गुप्ता, प्रशांत दुबे, आदेश पांडे ,स्वामी यादव ,अमित सिंह ,अमित ताम्रकार, शंकर पंजवानी, अनिल पांडे ,विकास जैन,श्रीमती अर्चना गुप्ता, ज्योति यादव ,अर्चना पांडे ,नीतू कनकने ,नेहा सोनी, संगीता सिंह ,अनिता पाठक, रीता बिचपुरिया, गीता आसती, भारती शर्मा ,रागनी सिंह के साथ-साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे

#### अंतरवेद गनियारी में निकली यात्रा

ग्राम अंतरवेद गनियारी के राम मंदिर से शुरुआत की गई अक्षत कलश की यात्रा जिसमें से सभी ग्राम वासियों लोगों का सहयोग रहा और सभी ग्रामीण जनों ने पूरे गांव मैं अक्षत कलश लेकर किया भ्रमण जैसे की मुख्य अतिथि सरपंच गोकर्ण मिश्रा कल्लू भैया मिश्रा नवल बागरी बीनू बाबा रजनीकांत लखेरा आदित्य मिश्रा सत्यम विश्वकर्मा एवं सभी ग्रामीण जन उपस्थित रहे और अक्षत कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई

#### बड़वारा में निकली कलशयात्रा

बड़वारा तहसील के समीपस्थ ग्राम बसाड़ी में गत शुक्रवार को ग्राम की कन्याओं,युवतियों व ग्राम के लोगों के सौजन्य से अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के पूर्व हर्षोल्लाश पूर्ण माहौल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बैंड बाजा की मधुर थाप पर लोग थिरकते हुए नजर आए।

कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ नगर के बसस्टैंड चौराहा से कलश यात्रा नगर के अंतिम छोर तक भृमण करते हुए नगर के बसस्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में आकर समापन हुआ। कलश यात्रा में बसाडी ग्राम के सरपंच विकास पाल,उपसरपंच कौशल प्रसाद दाहिया, दिनेश दाहिया,हरिओम मुड़यिा, गोलू श्रीवास, मुन्ना श्रीवास, पंकज पटेल, सत्यम कुमार, आशीष गुप्ता ,प्रवेश पटेल,भूपेंद्र यादव, मंटी श्रीवास,कमल श्रीवास एवम ग्राम वासी मौजूद रहे।

# फोटो निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 22 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी की अर्हता तिथि के मान से जिले के समस्त मतदान केंद्रों में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का प्रारूप प्रकाशन 06 जनवरी से 22 जनवरी तक किया जाएगा।

#### विसवार मतदान केन्द्र

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र 91- बड़वारा के 299 मतदान केंद्रों, विधानसभा क्षेत्र 92- विजयराघवगढ़ के 280 मतदान केंद्रों, विधानसभा क्षेत्र 93 - मुड़वारा के 289 मतदान केंद्रों एवं विधानसभा क्षेत्र 94 - बहोरीबंद के 295 मतदान केंद्रों इस तरह जिले के कुल 1163 मतदान केन्द्रों में बी.एल.ओ. द्वारा उपस्थित रहकर दावे आपत्तियां प्राप्त की जा रही है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना पड़ते ने बताया की ऐसे पात्र युवा जिनकी आयु दिनांक 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रारूप-6 में अपने नजदीकी मतदान केन्द्र के बी. एन. ओ. को आवेदन दे सकते हैं। ऐसे मतदाता जिनकी मतदाता सूची में प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण (जैगे-नाम, पिता का नाम, पता, जन्म दिनांक) है, को मतदाना सूची में संशोधित कराने हेतु प्रारूप -8 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या अन्यत्र चले गए हैं कि स्थिति प्रारूप-7 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

#### सूची में जुड़वाये नाम

अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने जिले के सभी पात्र युवा वर्ग जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है से अधिक से अधिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर की अपील की है ताकि वे आगामी लाकसभा निर्वाचन अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## खबर संक्षेप



### प्राण प्रतिष्ठा का न्योता देने घर-घर पहुंच रहे रामभक्त

**उमरियापान।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता देने उमरियापान में रामभक्तों ने बैंडबाजों के साथ शनिवार से पूजित अक्षत लेकर घर-घर पहुँचना प्रारंभ किया। पहले दिन कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक में घर- घर न्यौता दिया। इस दौरान विजय दुबे, राजेश ब्यौहार, जितेंद्र अरोरा, विनोद साहू, आरके दीक्षित, मगनलाल चौरसिया, संदीप सोनी, प्रमोद असाटी, अमित दीक्षित, राजेश कटारिया, नीलू साहू, दिन्नू असाटी, नंदकिशोर नामदेव उपस्थित रहे। रामभक्तों ने न्योता देते हुए लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच अपने मोहल्ले में स्थित किसी मंदिर में रामभक्तों को एकत्रित कर भजन-कीर्तन करने की अपील की है। साथ ही टीवी व एलईडी स्क्रीन लगाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाने और शंखध्वनि, घंटानाद के साथ आरती कर प्रसाद वितरण करने का भी आग्रह किया गया है। श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप 108 बार सामूहिक रूप से करें। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, श्रीराम रक्षास्त्रोत का भी पाठ करने का सुझाव दिया है। साथ ही शाम को अपने घर में कम से कम पांच दीपक जलाने और दीपमालाएं सजाने की भी अपील की है।

### रीठी में निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा

**कटनी।** जनपद पंचायत सभा कक्ष रीठी में जनपद अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी की अध्यक्षता में जनपद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। जनपद पंचायत के सीईओ चंदूलाल पनिका द्वारा गत बैठक की कार्रवाई के पालन प्रतिवेदन से सदन को अवगत कराया गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जनपद अध्यक्ष श्री अवस्थी द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास और गरिमा पूर्ण ढंग से समारोह आयोजित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं जानकारी और कार्यक्रमों से सदन को अवगत कराया गया। बैठक में जनपद सदस्य और विविध विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर के निर्देश पर पानी की समस्या का हुआ समाधान



**कटनी।** ढीमरखेड़ा की शासकीय संजय निकुंज नर्सरी के पौधों की सिंचाई के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर यहां नलकूप खनन का कार्य हो गया है। इस नर्सरी में काफी अरसे से पौधों की सिंचाई के लिए पानी की समस्या थी। करीब 12 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाली संजय निकुंज नर्सरी में आम, नींबू, अमरूद, आंवला , चीकू सहित कई अन्य प्रजातियों के फलदार और गुलाब सहित अन्य फूलों के बागवानी पौधे लगे हैं। साथ ही इस नर्सरी में रोपने के लिए हर साल विभिन्न प्रजातियों के करीब 25 हजार पौधे तैयार कर कृषकों, स्व-सहायता समूह और पंचायतों और जलग्रहण क्षेत्रों में रोपण हेतु प्रदान किए जाते हैं। संजय निकुंज नर्सरी ढीमरखेड़ा के अधीक्षक राममिलन प्रजापति ने बताया कि वर्तमान में पौधों की सिंचाई हेतु नर्सरी पूरी तरह से मोरी नदी पर निर्भर थी। यह मोरी नदी गर्मियों के महीनों में सूख जाती हैं ,जिससे पौधों की सिंचाई नहीं हो पाती थी और पौधे सूखने लगते थे। नर्सरी की इसी समस्या को दूर करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रसाद ने विशेष रूचि लेकर यहां नलकूप खनन कराया है। इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी भी निकल आया है। जिससे बारहों महीने पौधों की सिंचाई अच्छी तरह से हो सकेगी। साथ ही और अधिक प्रजातियों के पौधे भी यहां तैयार किए जा सकेंगे। ग्रामीणों ने नेक पहल की सराहना की है।

## सौंदर्यीकरण की दिशा में महापौर का अनोखा नवाचार, दो वाहन आये

# मंदिरों एवं घरों से निकलने वाली पूजन सामग्री को करेंगे एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। शहर के सौंदरीकरण को लेकर उन्होंने एक बार फिर अनोखा नवाचार किया है। महापौर श्रीमती सूरी शहर के पूजा स्थलों एवं घरों से निकलने वाली पूजन सामग्री के विधिवत विसर्जन को लेकर लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने में जुटी थी। इस दिशा में नवाचार करते हुए उन्होंने अब नगर निगम में दो ऐसे वहां बुलवाए हैं जो कि शहर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले पूजन सामग्री एवं घरों से निकलने वाली पूजन सामग्री को एकत्र करके उचित तरीके से उनका विधिवत डिस्पोजल करेंगे।

महापौर के प्रयासों से अब पूजा से निकलने वाले कचरे के संग्रहण हेतु पूजा स्पेशल स्वच्छता वाहन आपके घर पहुंचेंगे। फूल, माला, नारियल, प्रसाद, अगरबत्तियां, धूप पैकेट, पालीथीन सहित तमाम पूजन पाठ से निकलने वाली सामग्रियों को ये वाहन इकट्ठा कर इसे विधिवत विसर्जित करेंगे।



दरअसल नदियों में पूजा सामग्री के विसर्जन से नदी प्रदूषित होती हैं। धर्म के प्रति महापौर की आस्था शहर वाशियो से छिपी नहीं है। यही वजह है की उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके विधिवत डिस्पोजल की रूपरेखा तैयार की।

गौरतलब है की शहरी क्षेत्र में कई टन पूजन सामग्री का कचरा नदियों में विसर्जित किया जाता है। ऐसे कचरे के लिए दो अलग वाहन अब शहर में घर घर पहुंच कर सामग्री इकट्ठी करेंगे।

इन वाहनों को विगत दिवस कटनी लाया गया। कुछ औपचारिकता के बाद दोनो वाहनों को शहर में पूजन सामग्री इकट्ठा करने के काम में लगाया जाएगा। वाहनों में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहेगी तथा यह पूरी तरह से बन्द रहेगा ताकि कचरा सड़क पर न फैल सके।

### बैट्री चलित है दोनो वाहन

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली नोएडा की कंपनी अमन क्लीनिंग ट्रेडिंग कंपनी द्वारा मंगाई गई दोनों पूजन सामग्री संग्रहण गाड़ियां पूरी तरह बैटरी द्वारा संचालित हैं। नगर निगम द्वारा दोनों वाहनों से संग्रहित किए जाने वाले पूजन सामग्री को विधिवत डिस्पोजल करने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि तैयारियां पूर्ण होने के बाद जल्द ही इन दोनों गाड़ियों को महापौर श्रीमती प्रिती संजीव सूरी शहर के सुपुर्द करेगी। महापौर के इस अभिनव प्रयास के कारण अब घरों एवं मंदिरों से निकलने वाले पूजन सामग्री को नदी में विसर्जित नहीं किया जाएगा। इस प्रयास के कारण नदी को साफ सुथरा रखने की दिशा में भी मदद मिलेगी।



# जैविक कीटनाशकों का निर्माण, उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में कम लागत तकनीकी के अंतर्गत विभिन्न जैविक कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। फसलों को काटने वाले कुतरने वाले रस चूषक एवं फल छेदक आदि कीटों के द्वारा फसलों को नुकसान करने की जानकारी दी गई। नीमास्त्र ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र आदि जैविक कीट नाशकों को फसलों की प्रारंभिक अवस्था से प्रति सप्ताह डालने से फसलों में कीट नहीं लगते। पत्तियों पर कीटनाशकों के छिड़काव के लिए 100 लीटर पानी प्रति एकड़ की आवश्यकता होती है। 100 लीटर पानी में ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र कीटनाशक दवा को 2 से 3 लीटर घोलकर प्रति एकड़ फसलों में छिड़काव करने तथा ब्रह्मास्त्र को 6 माह तथा आग्नेयास्त्र को तीन माह तक रख सकते हैं।

रसचूषक कीटों के नियंत्रण के लिए नीमास्त्र जैविक कीटनाशक निर्माण हेतु नीम पत्ती 5 किलो गौ मूत्र 5 लीटर गोबर 1 किलो तथा पानी 100 लीटर को एक ड्रम में डालकर 48 घंटे तक रखें। दिन में तीन बार डंडे से हिलाते हैं। इसके बाद कपड़े से छान कर एक एकड़ की फसल में प्रति सप्ताह छिड़काव करने की तकनीकी जानकारी दी गई।

## योजनाओं से लाभांवित करने शिविर आयोजित

# ढीमरखेडा एवं बड़वारा के 11 ग्रामों के बैगा हितग्राहियों को करेंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संबंधित विभागो में संचालित योजनाओं में चयनित 11 ग्रामों के बैगा हितग्राहियों को शत - प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में संचालित चयनित योजनाओं के बैगा हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के हेतु तिथिवार षिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को लाभान्चित करने के निर्देष दिए गए है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को शिविर के दौरान स्वयं अथवा अपनें प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर विभाग से संबंधित योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देषित किया गया है। उपरोक्त शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किये जाएगें।

### मारसिहुड़ी में शिविर आज

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड ढीमरखेडा के ग्राम कोठी एवं हर्रइ हेतु पंचायत भवन कोठी में शनिवार 7जनवरी को शिविर का आयोजन किया जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के तहत ग्राम मारसिंहुड्डी हेतु ग्राम पंचायत भवन पाली में 7 जनवरी को, ग्राम कारोपानी हेतु फारेस्ट रेस्ट हाउस कारोपानी में 8 जनवरी तथा ग्राम मझगवा एवं छीतापाल हेतु आंगनबाडी भवन मझगवां में 9 जनवरी को शिविर का आयोजन किया जायेगा।

विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम कन्नौर हेतु पंचायत भवन कन्नौर मे 8 जनवरी को तथा ग्राम पथवारी हेतु ग्राम पंचायत भवन पथवारी में 9 जनवरी को शिविर का आयोजन किया जायेगा।

विकासखण्ड ढीमरखेडा के ग्राम दियागढ़ हेतु आंगनबाडी भवन दियागढ़ में 10 जनवरी को, ग्राम खंदवारा हेतु ग्राम पंचायत भवन खंदवारा में 11 जनवरी एवं ग्राम झिर्ररी हेतु ग्राम पंचायत भवन झिर्ररी में 12 जनवरी को षिविर का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किये जाएगें।

### इन योजनाओं से किया जायेगा लाभान्वित

आयोजित शिविर के दौरान आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, धनजन खाता, पीमजीवन ज्योति बीमा योजना, पी.एम सुरक्षा बीमा योजना,पी.एम. किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएम राष्ट्रीय डायलेसिस प्रोग्राम, सिकल सेल मिषन, नेषनल क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, राशन कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना व पीएम मातृत्व योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने विभाग प्रमुखों को 15 जनवरी के पूर्व शत- प्रतिशत पात्र बैगा हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभन्वित करनें के निर्देश दिए है।

## पीएम जनमन योजना के तहत शिविर का आयोजन



विकासखंड ढीमरखेड़ा के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोठी में जारी कैलेंडर के अनुसार पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाकर विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में अनविभागीय अधिकारी विंकी सिंहमारे उईके ने उपस्थित अधिकारियों से हितग्राहियों को पात्रता के आधार पर शत प्रतिशत लाभान्वित कराए जाने की निर्देश दिए उन्होंने कहा कि विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति की पिछड़ी जातियों बैगा परिवारों आदि के लिए संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाए। जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए प्राप्त आवेदनों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर निराकरण करने हेतु अमले को निर्देशित किया।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कटनी जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो रही है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 6 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। शनिवार 6 जनवरी को ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के समस्त बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहने के निर्देश दिये हैं। शनिवार 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे।

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि शनिवार 6 जनवरी से सोमवार 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App और voters.eci.gov.in इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला स्तर की अंतर शालेय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# 35 विद्यालयों के 260 नन्हें वैज्ञानिक 140 विज्ञान प्रोजेक्ट के साथ हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल वैज्ञानिक रिसर्च करना चाहिए, इस दिशा में किये गये प्रयास सराहनीय है, कठिन विषय को विचार के माध्यम से मंथन करना सरल प्रक्रिया है, चुनिंदा व्यक्ति अपनी सोच से समाज को बदलने का कार्य करने में सक्षम है।

उपरोक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि की आसंदी से पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन एवं वैज्ञानिक डॉ. प्रियांशु जैन ने व्यक्त किये। उद्घाटन अवसर पर समिति अध्यक्ष मुकेश चन्देरिया के साथ ही कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, वैज्ञानिक डॉ. प्रियांशु जैन, श्रवण वेदांत, उमेश मिश्र, मुकेश त्रिपाठी,



संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा, जिला उद्योग अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, थाना प्रभारी आशीष शर्मा एवं समिति सचिव श्रीमती वंदना गेलानी मंचासीन रहे। सलाहकार श्रीमती सीमा जैन के कुशल संचालन में अकेला दिव्या द्वारा नृत्यात्मक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

प्रमुख रूप से चैम्पियन स्कूल, डी.पी.एस. विद्यालय, अनामिका एकेडमी, अक्षर नंदन विद्यालय, नालंदा विद्यालय, जैन पूर्व मा. विद्यालय, शास. कन्या उ. मा. विद्यालय, शास. उत्कृष्ट विद्यालय, रामकुमार शिक्षा निकेतन, सन्मति सागर कन्या विद्यालय, कुंदनदास विद्यालय, डायमण्ड उ. मा. विद्यालय, लाइम सिटी इंटरनेशनल, एम.सी.बी. मैमोरियल स्कूल, मध्य रेल्वे उ. मा. विद्यालय एन.के.जे., दिगम्बर जैन उ.मा.विद्यालय, फर्स्ट स्टेप स्कूल, सेक्रेड हार्ट, डी.ए.व्ही.ए.सी.सी. विद्यालय, पोद्दार इंटरनेशनल, बार्डस्ले कन्या उ.मा.शाला, अंजुमन इस्लामिया उ.मा.विद्यालय, नेचर्स स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी, शास. उ.मा.विद्यालय वेंकट वार्ड, गुरूनानक उ.मा.विद्यालय, लार्ड महावीरा स्कूल, वैलवैदर विद्यालय, लिटिल फीट विद्यालय, पीयूष उ.मा.विद्यालय, जे.पी.व्ही. डी.ए.व्ही. विद्यालय, डी.ए.व्ही. ए.सी.सी. विद्यालय कैमोर एवं छात्र संग्राम परिषद में नन्हें वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये।

## रक्त संग्रहण क्षमता बढ़ाने भेंट किया 2 लाख 17 हजार रूपये का चेक

# कलेक्टर की अपील पर आगे आए लोग, हुआ 325 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रक्तदान के माध्यम से पीडित मानवता की सेवा हेतु लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान करने के रक्तदान महादान प्रकल्प में भागीदारी की कलेक्टर अवि प्रसाद की अपील का सकारात्मक असर हुआ है। कटनीवसियों ने कलेक्टर की अपील के बाद अब तक 325 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंदों की सेवा के लिए योगदान दिया है। तो वहीं लाईटेज प्राईवेट लिमिटेड के प्रदीप मित्तल एवं ऋषभ मित्तल के सहयोग के रूप में रक्त रेफ्रीजरेटर हेतु 2 लाख 17 हजार रूपये का चेक कलेक्टर अवि प्रसाद को रोगी कल्याण समिति के लिये सौपा है। इससे जिला चिकित्सालय में रक्त संग्रहण क्षमता बढ़ाई जाएगी।

दानदाताओं के सहयोग से मिली राशि से जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की वर्तमान संग्रहण क्षमता 450 यूनिट रक्त संग्रह से बढ़ाकर अब 600 यूनिट तक की संग्रहण क्षमता बढ़ाई जाएगी। ताकि अधिकाधिक जरुरतमंदों की जिंदगी बचाने के लिए वांछित रक्त की पूर्ति सुगमता से की जा सके



### दिसंबर में मिला 245 ईकाई रक्त

सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बाया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के आव्हान पर हर समाज और हर वर्ग ने आगे बढ़कर रक्तदान महादान के पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभा रहा है। वर्ष 2023 के अंतिम सप्ताह में धनलक्ष्मी फाईनेंस देग तेग फतेह समिति, कांग्रेस युवा मोर्चा व पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत द्वारा आयोजित शिविरों के दौरान 245 ईकाई जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्राप्त हुआ है। दिनांक 5 जनवरी की स्थिति में ब्लड बैंक में विभिन्न रक्त समूहों के 172 ईकाई रक्त बैग उपलब्ध है।

वर्ष 2024 का प्रथम रक्तदान शिविर शुक्रवार 5 जनवारी को ओजस्वी मार्बल के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें 80 ईकाई रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में सुमित अग्रवाल एवं विपिन की विशेष सहभागिता रही। शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय कटनी की ओर से डॉ मोहित श्रीवास्तव दल सहित उपस्थित रहे।

### बिलहरी में होगा अगला शिविर

सिविल सर्जन यशवंत वर्मा ने बताया कि कलेकटर अवि प्रसाद के आव्हान पर रक्तदान महादान प्रकल्प पर सहभागिता निभानें बिलहरी के युवाओं की मांग पर आगामी शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलहरी में युवाजनों द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### भेंट किये 2.17 लाख रूपये

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्त संग्रहण क्षमता की वृद्धि हेतु किये गए आव्हन के समर्थन में शुक्रवार को लाईटेज प्राईवेट लिमिटेड के प्रदीप मित्तल एवं ऋषभ मित्तल द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्त रेफ्रिजरेटर हेतु 2 लाख 17 हजार रूपये का चेक कलेक्टर अवि प्रसाद को रोगी कल्याण समिति के लिये सौपा है।।

### कुपोषित बच्चों के आहार हेतु 21 हजार रूपये का चेक भेंट

कलेक्टर अवि प्रसाद के आव्हान पर जिले के हर वर्ग के लोग मानव सेवा के लिए आगे आ रहे है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को डाक्टर आर.के. नेमा द्वारा 11 हजार रूपये का चौक तथा लैब एशोसिएशन के सदस्यों सियाराम तिवारी, योगेन्द्र सिंह परिहार, विकास पाण्डेय, कपिल तिवारी, एवं किशन वैध द्वारा 10 हजार रूपये का चेक कलेक्टर अवि प्रसाद को अटल बाल मिशन योजना के अंतर्गत जिले के कुपोषित बच्चों के आहार के लिए प्रदान किया।

# बनारस को हराकर सेमी फाइनल में पहुँची नागपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अंधेलीबाग ग्राउंड उमरियापान में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में शनिवार को स्पर्धा का अंतिम चौथा क्वार्टर फाइनल मैच नागपुर और बनारस टीम के बीच खेला गया। जिसमें नागपुर ने 7 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया। बनारस टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 158 रनों का स्कोर खडा किया।

### पुरस्कार किया प्रदान

बनारस की ओर से बल्लेबाज ब्रजेश व वात्सल्य ने 42- 42 रन, अनुराग ने 32 रन बनाए। नागपुर की ओर से गेंदबाज गोविंद ने 4 विकेट, अगम व दिनेश ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाबी पारी में नागपुर टीम ने अंतिम ओवर में लक्ष्य पार कर लिया। नागपुर की ओर से बल्लेबाज आकाश ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 10 चौके व 6 छक्के की मदद से 92 रन बनाए। वहीं बल्लेबाज बालकृष्ण ने 57 रन बटोरे। मैच में नागपुर के खिलाडी आकाश को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस दौरान कालूराम चौरसिया, राजा चौरसिया, गोविंद प्रताप सिंह, सचिव सतीश गौतम, मनीष रंजन मिश्रा, अनिल दीक्षित, अतुल चौरसिया, प्रकाश सेन, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, हेमंत सामल, ओमप्रकाश पटेल, संदीप चौरसिया, प्रिंस अरोरा, गोल्डी चौरसिया, हनी चौरसिया उपस्थित रहे।

### आज पहला सेफा

स्पर्धा में आज 7 जनवरी को बाबा बर्फानी विंध्य और डब्लूसीआर जबलपुर के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप


### थानों और चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति

**पन्ना।** राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दे दिया है। गत गुरुवार को गृह विभाग से जारी आदेश में सीमाओं के पुनर्निर्धारण की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी तक करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में थानों और चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में अनुभाग और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव गृह ने 30 जुलाई, 2010 के निर्देशानुसार गठित समिति को थानों और चौकियों का पुनर्निर्धारण लोकहित में युक्तिसंगत तरीके से करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है। सृजन के बाद थानों की सीमाओं को युक्तिसंगत बनाने के लिये पुर्ननिर्धारण की आवश्यकता है। निर्देशानुसार 7 फरवरी, 2024 तक सीमा पुनर्निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। शासन के निर्देशों के पालन में जिले के अंदर थानों एवं चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में जिला स्तर पर सोमवार, 8 जनवरी को शाम 5 बजे बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में सांसद एवं विधायकगण सहित पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी और संबंधित सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को भी पुनर्निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव सहित आमंत्रित किया गया है। जिला कलेक्टर ने सभी एसडीएम, एसडीओपी और सहायक जिला अभियोजन अधिकारियों को भी अनुविभाग स्तर पर बैठक कर समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए 17 जनवरी से करें आवेदन

**पन्ना।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर बनने के इच्छुक युवा 17 जनवरी से 6 फरवरी तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर वायु के लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से होगी। अभ्यर्थी का जन्म 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के मध्य होना चाहिए। भर्ती के लिए पद की श्रेणी अनुसार शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित है। विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ गणित, भौतिकी और अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक आवश्यक है। इसके अलावा पद श्रेणी अनुसार मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### समूचा दिन कोहरे व शीत लहर के चलते ठिठुरन को लेकर जाना गया



**पन्ना।** मौसम की मार कहीं लाभ दायक तो कहीं भारी क्षति को लेकर भी जानी जा रही है। जिस तरह से लगभग चार दिवस बीतने को चले कोहरे व शीत लहर की चपेट के चलते ठिठुरन के हालात तो कायम है ही वहीं बारिश होने से भी जहां यह ठण्ड अपने आप में दुगनी हो चुकी है। साथ ही कृषि फसलों की बात करे तो जिन फसलों में फूल आ चुके थे अचानक यह मौसम भारी पड़ रहा है। बारिश व हवाओं से फूल का झड़ना माना जा रहा है वहीं गेहूं, जैव तथा लेट चने की फसल के लिए यह बारिश अमृत के समान मानी जा रही है। साथ ही मौसम इसी हालात को लेकर अगर कायम रहा तो आगे भी कहीं न कहीं भारी क्षति है फसलों में मानी जायेगी। जो फसले फूल पर थी वहीं आम जनजीवन इस मौसम के चलते प्रभावित हो रहा है घरों से निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। कोहरे का होना व हल्की बारिश जैसे हालात समूचे दिन देखे गये।

## जबेरा में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री श्री लोधी

# संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो- राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने क्रमानुसार जबेरा पहुंची। इस यात्रा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले।




इस यात्रा में चलाई जा रही गाड़ी हर ग्राम तक पहुंच रही हैं और जो पात्र परिवार किसी कारणों से वंचित रह गये हैं, वह विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर योजनाओं का लाभ ले सकेगें। राज्यमंत्री श्री लोधी ने आमजन से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया। साथ ही अधिकारियों से शिविर में आये आवेदनों का निराकरण करने निर्देशित किया तथा अधिकारियों को तय समय सीमा में निराकरण के निदेश हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा आप सभी क्षेत्रवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मैं संकल्पित हूं तथा आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से आज मैं मंत्री बना हूं, लेकिन आप सभी क्षेत्रवासियों की सेवा एक सेवक की भांति करुंगा। उन्होंने कहा वे मंत्री नहीं सेवक

## राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ली जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक




**बनवार।** जबेरा विधायक एवं संस्कृति पर्यटन एवं धार्मिक न्यास धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में आज जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद सभागार में किया गया। मंत्री जी ने इस दौरान सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों से विभागवार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर दिए गए। लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा जनहित मे सकारात्मक सोच के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। इस दौरान जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने जनपद में किए गए कार्यों की मंत्री जी को बिंदुवार जानकारी देते हुए कार्यप्रगति से अवगत करवाया। राजस्व विभाग के द्वारा संचालित मुख्य 4 योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास स्वास्थ्य शिक्षा के अधिकारियों ने भी संचालित योजनाओं की जानकारी से मंत्री जी को अवगत करवाया। मंत्री जी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र पहुंचने के लिए जरूरत पड़े तो गांव-गांव में शिविर लगाकर सत प्रतिशत जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यों की जानकारी लेते हुए जो कार्य अधूरे पड़े हैं उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में रोड़ स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली का मुद्दा छाया रहा। रोड स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने मंत्री जी को अवगत करवाया। जनप्रतिनिधियों ने बताया रोड स्वास्थ्य केंद्र में ना डॉक्टर की व्यवस्था है और ना ही दवाइयां की यहां पर बिजली व्यवस्था ठप्प होने से मोमबत्ती की रोशनी में डिलेवरी करवाने जैसी अव्यवस्थाएं समय-समय पर अखबारों की सुर्खियां बनी रहती हैं। स्वास्थ्य केंद्र में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं होने की वजह से यहां पर आने वाली डिलेवरी जनपद या जिला अस्पताल रेफर कर दी जाती हैं। पदस्थ स्टाफ अपनी ड्यूटी समय पर नहीं करने की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पाता है। रोड स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर की ड्यूटी जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए जाने की वजह से यहां पर 50 गांव के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर रोड से स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं सुधार के लिए बीएमओ डॉ डी के राय को निर्देशित किया गया है। वहीं बिजली समस्या निराकरण के लिए विद्युत वितरण केंद्र नोहटा जेई को निर्देशित किया गया है। वही समीक्षा बैठक में जनपद मुख्यालय जबेरा बस स्टैंड पर बनी दुकानों की नीलामी एवं बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय पुरानी बस स्टैंड साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत एवं जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान राजस्व वन शिक्षा स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने कार्य दायित्व सही तरीके से करने के लिए निर्देशित किया गया। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की जनता को कोई भी समस्या न हो जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्योंकि हमारी सरकार मैं जनहित के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता मैं शामिल किए गए हैं। इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की बात कही गई। बैठक एसडीम बृजेश सिंह जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार विवेक व्यास सभी विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों में सत्येंद्र सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष, राजेश सिंघई, रुपेश सेन की उपस्थिति रही।

# देश की तरक्की व अमन चैन के लिए मांगी दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

मस्जिदे मुजद्दिद अल्फेसानी तेजगढ़ में बाद नमाज़ इशा, जश्ने सिद्दीके अकबर रज़ियल्लाहू अन्हो बढ़ी शान-ओ शौकत से मनाया गया। इस प्रोग्राम में तेजगढ़ पेश इमाम हज़रत मौलाना अहमद अली आफाकी सीवानी बिहार बेहतरीन तक़रीर की, उन्होंने हजरत सिद्दीके अकबर र.अ. की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि पैगंबर इस्लाम ने फरमाया की मेरे सिद्दीक से मुहब्बत जरूरी है। नबियों के बाद जो सबसे अफजल इंसान है तो वो हजरत सिद्दीक अकबर हैं, आप अपनी पूरी जिंदगी लोगों की मदद करते हुए गुजारी। इंसान को चाहिए लोगों की मदद करे चाहे वो कोई भी धर्म का हो। नबीयों और रसूलों के बाद अगर कोई अफ़ज़ल है तो वो हजरत सिद्दीके अकबर र.अ. हैं, मजहबे इस्लाम मे किसी का एहसान है तो वो हजरत सिद्दीके अकबर र.अ. की ज़ात है इस दौर में चाहिए कि सबको हजरत सिद्दीके अकबर र.अ. की सीरत को पढ़े व अमल करे। वहीं अबुल हसन, आसू पठान, नासिर ने खूबसूरत अंदाज़ में आका के शान में नात शरीफ पेश की। वहीं हजरत सिद्दीके अकबर र.अ. की शान में ग़ौरी शोऐब पठान और सद्दाम ने मनकबत पेश की। जबलपुर से आये अबुल हसन ने बेहतरीन निज़ामत की प्रोग्राम देर रात तक चला आख़रि में बाद सलाम के बाद फातिहा पढ़ी गयी व मुल्क में अमनो चैन और तरक्की की दुआ मांगी गई व तबर्रुक तकसीम किया गया।

# तीन सटोरियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा में लंबे अरसे से खूब फल फूल रहे अवैध सटोरियों पर अब हटा पुलिस की निगाहें तिरछी दिखाई दे रही हैं और अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए लगातार कार्यवाही करने में जुटी हुई है जहां शुक्रवार को सात सटोरियों को पड़कर जुआ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी वहीं शनिवार को भी तीन सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। थाना थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर शनिवार की दोपहर एएसआई सुंदर लाल सुमन, प्रधान आरक्षक अखिलेश तिवारी, आरक्षक पवन पटेल, गोविंद पटेल ने नगर के नायक तिगड्डा पर देव की पिता गोपी साहू को सट्टा पर्ची काटते हुए पकड़ कर 470 जाप्तकर कार्यवाही की वही संजय वार्ड में लखन पिता परम पटेल से 250 रुपए सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार किया गया वहीं थाना क्षेत्र के लुहारी में गोकुल पिता नेपाल लोधी को सट्टा पर्ची काटते हुए 450 रुपए जप्त गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। यदि हटा पुलिस द्वारा अवैध सट्टा कारोबारियों पर इसी प्रकार की कार्यवाही लगातार की जाती रही तो काफी हद तक सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सकता और इसकी लत में पड़े लोगों को बर्बाद होने से बचाया जा सकता।

### जैन मिलन के दिव्यांग कैंप का स्थान परिवर्तन

**दमोह।** जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा तरुण मित्र परिषद् दिल्ली के सहयोग से आयोजित दिव्यांग कैंप का स्थान परिवर्तन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक राकेश जैन हरदुआ ने बतलाया कि पूर्व में दिनांक 6 मई को यह केंप मानस भवन में आयोजित किया गया था जहां दिल्ली से आई हुई। तकनीशियन टीम ने मरीजों का परीक्षण किया ऐवं जिन्हें सहयोग किया जा सकता था। ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उनके हांथ पैर का नाप लेकर गये थे जिन्हें आगामी 21मई को लाकर उन मरीजों को लगाना था। परंतु मानस भवन पूर्व में ही किसी अन्य कार्यक्रम के निमित्त बुक किया जा चुका है। इसलिए 21तारीख को मानस भवन शिविर हेतु उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसलिए शिविर का स्थान परिवर्तन किया गया है नवीन स्थान -,₹ जैन भवन₹ मोरगंज गल्ला मंडी गेट के सामने दमोह है प्रातः 9बजे से शिविर प्रारंभ हो जायगा। शाखा के कोषाध्यक्ष मुकेश जैन मम्मा ने बतलाया कि सभी लाभार्थियों से निवेदन है कि नवीन शिविर स्थल जैन भवन मोरगंज गल्ला मंडी गेट के सामने समय पर उपस्थित हों। साथ ही जो टोकन आपको दिया गया है वह अवश्य साथ में लेकर आना है आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है।

# महाविद्यालय जबेरा पहुंचे राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी



**बनवार।** शासकीय महाविद्यालय जबेरा में आज संस्कृति पर्यटन एवं धार्मिक न्यास धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पहुंचने पर विद्यालय स्टाफ के द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस दौरान महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मंदीप यादव के द्वारा महाविद्यालय के विकास और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर मंत्री जी से चर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा भी पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए मंत्री जी का स्वागत किया। इस दौरान गया महाविद्यालय प्राचार्य रितु श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, पंडित रविशंकर बाजपेई, संतोष अवस्थी, हिमांशु तिवारी, बंटी दुबे, आशु चौरसिया, शिवम चौरसिया, मोंटू बाजपेई सहित विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। स्वागत कार्यक्रम का आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई के द्वारा किया गया।

# स्वनिधि योजना युवाओं के जीवन बदलने का कार्य कर रही है-सिद्धार्थ मलैया




**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तीसरे दिन दमोह के सिविल वार्ड एक महाराणा प्रताप स्कूल एवं सिंधी कैंप धर्मशाला पहुंची, जहां पर शिविर आयोजित किए गए। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे। शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों द्वारा अपने-अपने आवेदन दिए गये, उनकी समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का प्रयास संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया। शिविर के दौरान सिद्धार्थ मलैया ने नागरिको को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना बेरोजगार युवाओं के जीवन बदलने का कार्य कर रही है। स्व निधि योजना के अंतर्गत पहले 10 हजार का लोन दिया जाता है, उसको जमा करने के बाद फिर 20 हजार, उसे जमा करने के बाद 50 हजार, फिर 2 लाख रुपए देने का काम सरकार कर रही है, जिससे युवा व्यवसाय से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लें। मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को विकसित देशो की पंक्ति में प्रथम पायदान में पहुंचाने के लिये देश की जनता के विकास के लिये जो जन हितैषी योजनाए चलायी जा रहीं है, उन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहीं समस्याओ के निराकरण के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी आप सभी के मध्य उपस्थिति हुये है, मोदी जी की मंशा है की कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित ना रहें। कार्यक्रम में रमन खत्री, पवन तिवारी, पार्षद कपिल सोनी, विजय जैन, रमेश राठौर, रघु श्रीवास्तव, मिकी चंदेल, सतीश जैन, श्याम दवे, रितेश सोनी सहित आमजन मौजूद रहे।

# खेलकूल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हुआ चयन

**दमोह।** दशवें संस्करण शालेय विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एथलीटिक्स खेलकूंद जिला स्तरीय प्रतियोगिता दमोह में आयोजित हुई जिसमे एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिताओं में तेन्दूखेड़ा विकासखंड से बारी बाई धुर्वे, परसादी अहीरवाल, शोएब पठान, धर्मेंद्र सिंह लोधी, रज्जाक खान, सुशील यादव, अनरत सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह, पंकज मेहदेले, देवी सिंह, रवि सिंह, दुर्गेश कुमार, गणेश अहिरवार, महेंद्र सिंह मरकाम, परमलाल, विजय कुमार, देवेंद्र, गनेश, राजकुमार, मनमोहन आदि कर्मचारियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है जिसमें सभी अपने खेल कौशल



का प्रदर्शन करेंगे। तेन्दूखेड़ा विकासखंड की इस विशेष उपलब्धि पर धर्मेंद्र सिंह लोधी मंत्री म.प्र. शासन, जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. नेमा, नन्हे सिंह (सहायक संचालक), विवेकदत्त शर्मा (जिला खेल अधिकारी), शैलेन्द्र असाटी एडीपीसी, वाय. के. कोरी, बी. के. डोंगरे बीईओ, परमलाल अहीरवाल बीआरसीसी, रघुराज सिहं, अनरत सिंह ठाकुर प्राचार्य, इंदर सिंह, चंपालाल सेन, महेंद्र दीक्षित, मनोहर सिंह, बेनी सींग व समस्त खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

# मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन



**सिंग्रामपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का पुनरीक्षण 6 से 22 जनवरी24 तक किया जाना है। इसी तारतम्य में प्रारूप 5 में, मतदान केंद्र क्रमांक 117,118, 119 के बीएलओ आनंद जैन, प्रहलाद सिंह ठाकुर, दिलीप झरिया ने संयुक्त रूप से प्रकाशन किया। उपस्थित मतदाताओं, गणमान्य नागरिकों के सामने मतदाता सूची का वाचन व अवलोकन कराया गया, तथा बताया गया, की फार्म 6,7,8 में नया नाम जोड़ने, हटाने, या संशोधन कराने हेतु दावा, आपत्ति प्रस्तुत करें। इस कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती गुड़िया, अजय सोनकर, लालचंद राय सचिव, राजू अहिरवार सचिव, रवि विश्वकर्मा, मुलायम चंद जैन, केएल चोरिसिया, प्रमोद सिंह, नीरज सोनकर, बबलू चौधरी, सुहान सिंह लोधी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, विजय चौधरी, भीकम सिंह, आदि अनेक लोग उपस्थित रही।

# धान खरीदी में किसानों को पहली बार समय पर खाते में पहुंच रही है राशि

**जिला प्रशासन की तत्परता से धान खरीदी में किसानों के लिए जो पिछली वर्ष हालात बिगड़े थे अब बदले हालात किसानों के खातों में समय पर पहुंचने लगी राशि**

**पन्ना।** जिले में धान खरीदी जो सीधेतौर पर मामला चुनौतीभरा था। जहां धान खरीदी को लेकर धान का उठाव यानि की विक्रय केन्द्रों में व्यवस्था के साथ किसानों की धान की तुलवाई वहीं संबंधित गोदामों तक धान पहुंचाना सबसे बड़ा सवाल। किसानों को अपने माल की राशि खाते में समय पर मिलना जो पहली बार जिला प्रशासन के तत्परता से संभव हुआ। किसानों के खातों में समय पर राशि पहुंचने लगी। यही विश्वास शासन की कार्यप्रणाली को लेकर तत्परता से जो कार्य किये जाते है उस पर कायम होता है। जिले में पिछले बार धान खरीदी के मामले बाखूबी चर्चा में रहे किसानों की राशि महीनों खातों में नहीं पहुंचती थी। हालात बदले जहां स्वयं जिला प्रभारी कलेक्टर ने इस पर विशेषतौर पर जिम्मेदारों को सजग किया गया था जिसके चलते परिणाम निश्चितौर पर अलग जाने गये। जहां किसानों की धान तुलने के बाद लगभग दस दिवस में ही खाते में में राशि पहुंचने लगी। यह



किसानों से जुड़ा मामला अपने आप में संतुष्टि को लेकर माना जा रहा है। वहीं धान खरीदी में व्यवस्था को लेकर भी बड़ी चुनौती थी। जिसको बाखूबी कहीं न कहीं प्रयास के चलते सार्थक दिशा तय की गई है। वर्तमान समय में मौसम के हालात भी जहां खरीदी केन्द्रों में समस्या को लेकर विपरीत परिस्थितियां मानी जा रही है। फिर भी कार्य प्रणाली के चलते किसानों की सबसे बड़ी समस्या जो धान विक्रय होने के बाद राशि का महीनों पता नहीं चलता था अब हालात स्वयं ही संतुष्टि को लेकर माने जाते है जहां दस दिवस में ही किसानो के खाते में राशि पहुंच रही है। जो प्रशासन की तत्परता से ही संभव हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज होगा युवक युवती परिचय सम्मेलन

**हटा।** अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा हटा क्षेत्र के तत्वाधान में महापंचायत एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन 2024 का भव्य आयोजन असाटी समाज द्वारा आज नगर के गोरी शंकर मंदिर प्रांगण स्थित दादा कला मंच पर किया जा रहा है कार्यक्रम के संबंध में आयोजन समिति के मधुर असाटी ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि समाज की एकता के साथ विवाह योग्य युवक युवतियों के आपस मे परिचय कराने, समाज के लोगो को फिजूल खर्ची से बचाने एवं आदर्श विवाह पद्धति को लोकप्रिय बनाने हटा की असाटी समाज हमेशा अग्रणी रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र असाटी एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर चंपालाल असाटी फुटेरा वाले होंगे। हटा समाज के अध्यक्ष जागेश्वर असाटी, संयोजक रमेश असाटी, अतुल, पंकज, राहुल, सानिध्य, भूपेंद्र द्वारा आयोजन के लिए अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति के प्रयास और व्यवस्थाएं की गई हैं।

### दीनदयाल पांडे गौ सेवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** मप्र गौ सेवक मैत्री संघ के संरक्षक डॉक्टर घनश्याम पर्ते के मार्गदर्शन में दमोह जिले के पं दीनदयाल पांडे को मप्र गौ सेवक मैत्री संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिनका नियुक्ति पत्र मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के द्वारा भोपाल में प्रदान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष पंडित दीनदयाल पांडेको पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं देने में गौ सेवक मैत्री संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण और सदस्यगण जिसमें राजेश धोलपुरे प्रदेश अध्यक्ष मप्र गौ सेवक मैत्री संघ, दमोह जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अठियार, गुड्डू पटेल, राम प्रकाश वंसकार, मधु धनगर एवं पथरिया ब्लॉक अध्यक्ष रोहित कुर्मी की उपस्थिति रहीं।

### मेघावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह 26 को

**दमोह।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. डॉ पी.डी शैलार स्मृति न्यास द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपना 34वाँ सम्मान समारोह 26 जनवरी 2024 को आयोजित होने जा रहा है जिसमे आपके स्कूल/कॉलेज के मेघावी छात्र/छात्राओं को समानित करने हेतु न्यास द्वारा चयन प्रक्रिया में समलित करने हेत छात्र/छात्राओं की सूचि 10 जनवरी 2024 तक न्यास के स्थाई पता कैलाश शैलार निवास माँ वैष्णो आभूषण सिनेमा रोड दमोह, एड. विपिन टंडन, एड. अनुनय श्रीवास्तव एवं अटल राजेंद्र जैन (पत्रकार) के पास भेजे।

### खेत से रखवाली कर घर लौट रहा था किसान

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान व भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

मौसम में हुई अचानक बदलाव के कारण जहां हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है वही दो दिनों से बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ शुक्रवार की दरमियानी रात्रि में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से खेत में एक किसान सहित भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मगरवन थाना की फतेहपुर चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया में



किसान धर्मदास पिता गजाधर कुशवाहा उम्र 50 वर्ष जो की शुक्रवार की शाम अपने खेत की रखवाली करने गया था जो रात्रि में घर वापस आ रहा था कि इस दौरान अचानक पानी गिरने लगा जैसी वह है अपने ही खेत में बनी टपरिया में बैठ गया जहां इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई साथ ही टपरिया में बंधी भैंस भी बिजली की चपेट में आने से उसकी भी मौत हो गई। किसान की अचानक दर्दनाक मौत के कारण परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार की सुबह फतेहपुर चौकी प्रभारी नागेंद्र परिहार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम हेतु बटियागढ़ अस्पताल भेजा एवं घटना में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

**हटा।** शनिवार की रात्रि 8 बजे हटा पटेरा मार्ग एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई वही दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें 108 बहन की मदद से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हटा पटेरा मार्ग पर मझगुआ पतोल, कुआं खेड़ा के बीच पुलिया के पास हटा से वापस जा रहे रसोटा ग्राम निवासी देवेंद्र प्रजापति पिता परमलाल प्रजापति उम्र 26 घायल अपने साथियों के साथ बाइक से घर वापस जा रहे थे कि रास्ते में कुआंखेड़ा के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी जहां घटना उपरांत स्थानीय लोगों द्वारा 108 वहां की मदद से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां देवेंद्र प्रजापति की उपचार के दौरान मौत हो गई वही नर्मदा पिता जानकी प्रजापति, लक्ष्मण बंसल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार उपरांत 108 की मदद से जिला अस्पताल रिफर किया गया।

## कंबोडिया मिस ग्लोबल में पूर्व पार्षद की भांजी मानसी पहुंची फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

पिछले साल दिल्ली में डिवाइन ग्रुप द्वारा आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस इंडिया ग्लोबल का खिताब जीतने वाली नगर की आजाद वार्ड निवासी पूर्व पार्षद मनीष चौरसिया की भांजी अमेरिका में आयोजित होने वाली मिस वर्ल्ड ग्लोबल प्रतियोगिता में शामिल होगी। मानसी देश की पहली मॉडल है जिन्होंने मिस ग्लोबल में अपना स्थान बनाया है। मानसी के नाना श्री हरि नारायण चौरसिया ने बताया कि मानसी अपने भाई के साथ अमेरिका पहुंच गई है उन्होंने बताया कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता विगत 2 जनवरी से प्रारंभ हो गई है जिसका फाइनल 18 जनवरी को वियतनाम में होगा।



मनीष चौरसिया का कहना था कि यह अवसर हमारे परिवार के लिए ही नहीं बल्कि भारत देश के लिए गर्व का है क्योंकि भारत को मिस वर्ल्ड और मिस यूनिवर्स का किताब तो कई बार मिला परंतु आज तक मिस ग्लोबल में भारत की किसी भी मॉडल का चयन नहीं हुआ और अब मानसी मिस ग्लोबल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। चौरसिया के मुताबिक प्रतियोगिता में मानसी को प्रतिदिन एक नई चुनौती को पार करना होगा या ऐसा कहे कि पूरे विश्व से आई मॉडल में खुद को श्रेष्ठ स्तर पर बनाए रखने के लिए उनसे बेहतर करके दिखाना होगा उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रतियोगिता में भी उनकी भांजी ही जीत हासिल करेगी।

### राज्यमंत्री ने विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने पथरिया विधानसभा के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा सबने मेरा साथ दिया, अपना आशीर्वाद दिया उसके लिए मैं सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। समस्त माताओं-बहनों ने भी मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया इसलिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पटेल आज ग्राम पिपरोधा, सकतपुर, अहरोरा, सेहरा, लड़ई बम्होरी, सींगोन एवं ग्राम खड़ेरी सहित अन्य गांव के भ्रमण पर रहे।

# नेत्र परीक्षण शिविर में मिला लाभ

### जैन मिलन ने किया आयोजन, निःशुल्क जांच कर दवा बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



स्थानीय श्री दिगंबर जैन सिंघई मंदिर जी धर्मशाला परिसर सिटी नल दमोह में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा पार्श्वनाथ भगवान के 2900वें जन्मकल्याणक महोत्सव अंतर्गत नेत्र परीक्षण शिविर ऐवं निःशुल्क औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए शिविर के संयोजक संजीव जैन शाकाहारी ऐवं ऐड विकल्प जैन ने बताया कि नववर्ष 2024 के शुभारंभ एवं देवाधिदेव पार्श्वनाथ भगवान के 2900वें जन्मकल्याणक महोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम श्रंखला में आज 6 जनवरी 2024 को दोपहर 11 बजे से जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र रोगों का परीक्षण एवं दवा आदि का वितरण किया गया। साथ ही आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य विनम्र सागर जी महाराज के संघस्थ मुनि निसर्ग सागर जी की प्रेरणा से निर्मित कल्याण आयु ई मलहम (जो कि अनेक रोगों जैसे जोड़ों में दर्द, हाथ पैर, कमर, घुटने,पेट, पीठ, छाती में दर्द या जलन होने पर कारगर सिद्ध हुई है) का निःशुल्क वितरण किया गया शाखा के अध्यक्ष सुधीर जैन ऐवं मुकेश जैन बतलाया कि उक्त दवा दमोह की विख्यात रैकी विशेषज्ञ श्रीमती ऐकता सुबोध बजाज जी के सौजन्य से वितरित की गई। शिविर श्री दिगंबर जैन सिंघई मंदिर जी धर्मशाला परिसर सिटी नल दमोह में आयोजित किया गया है। शाखा के मंत्री अरुण जैन कोर्ट ऐवं राजेश जैन ओशो ने बतलाया की शिविर का उद्घाटन समाजसेवी आदरणीय सिद्धार्थ मलैया,विख्यात नेत्र रोग चिकित्सक डा सुधा राय जी,श्री दिगंबर जैन समाज दमोह के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, नेम कुमार सराफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जैन मिलन, आर के जैन, महामंत्री श्री दिगंबर जैन कुंडलपुर, दिगंबर जैन पंचायत दमोह के मंत्री पदम जैन, जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 की मंत्री श्रीमती कविता ऋषभ जैन, डा ज्योत्स्ना जैन कम्युनिटी हेल्थ आफीसर हिंडोरिया ब्लाक, संतोष सिंघई, पूर्व अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शाखा के जवाहर जैन ऐवं सचेंद्र जैन ने इस अवसर पर जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा प्रकाशित नवबर्ष कलेंडर का विमोचन भी किया। चार सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया ऐवं जिनके मोतियाबिंद के आपरेशन होने थे उनको शासकीय चिकित्सालय में निशुल्क आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। साथ ही चश्मे भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन व्यवस्था संतोष जैन अविनाशी ऐवं सवन जैन सिल्वर ने स्वल्पाहार व्यवस्था जिनेन्द्र उस्ताद ने की थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलेश जैन चौधरी, अशोक जैन, शैलेन्द्र जैन, शैलेन्द्र सिंघई, सुवोध बजाज, जिनेन्द्र जैन,अवध जैन, शैलेन्द्र मयूर, महेश दिगंबर, संदीप अभाना, संदीप जैन सचिव,विनय जैन, राकेश पलंदी, आलोक पलंदी, आनंद जैन,दीपक जैन, विकास जैन, शैलेन्द्र सराफ, सूजल जैन, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

## चंदना में 30 से अधिक युवाओं ने ली संगठन की सदस्यता



**तेंदूखेड़ा।** परमपूज्य परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में प्रदेश के अन्य जिला तहसील, नगरों , ग्रामों में श्री दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन किए जा रहे है। जिसमें इसी क्रम ग्राम चंदना में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेंदूखेड़ा के तत्वधान में आयोजन किया गया जिसमें मां गुरुवर के जयकारे भैया अजय सिंह बहिन दिव्या जी ने लगाए, इसके पश्चात शंख ध्वनि के साथ दिव्य मंत्रों का उच्चारण करते हुए, श्री दुर्गा चालीसा पाठ के साथ मां गुरुवर जी की दिव्यता आरती संपन्न की गई। जिसके उपरांत संगठन की विचार धारा से अवगत कराने के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की प्रदेश सचिव ललिता पाल ने कहा विश्व में भगवती मानव कल्याण संगठन एक मात्र संगठन है जिसने 25 वर्षों में 10 लाख से अधिक लोगों को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त किया है। और सभी धर्म रक्षा, राष्टीय रक्षा, मानवता की सेवा के लिए कार्य कर रहे हैं।

# निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में होंगे, इसके लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चुनाव आयोग फिर से करा रहा है। दमोह लोकसभा के चुनाव क्षेत्रों में चार चुनाव क्षेत्र अपने यहां पर है, जो विधानसभा में थे वही चार चुनाव क्षेत्र के ई.आर.ओ. एसडीएम होते हैं और ए.ई.आर.ओ. तहसीलदार होते हैं। वह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज 6 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। 6 जनवरी से प्रारूप प्रकाशन का कार्य किया जा रहा है, जो इलेक्ट्रोरल रोल पहले छपा था, उसका आज ड्राफ पब्लीकेशन है। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की तैयारी के संबंध में आयोजित स्टेंडिंग कमेटी एवं प्रेस कांफ्रेंस में दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा पत्रकार एवं राजनीतिक दल के लोगों ने पॉइंट उठाए थे की कुछ नाम छूट गए हैं, पत्रकारों के माध्यम से और राजनीतिक दलों के लोगों से यही आग्रह है कि सभी लोगों को सूचित कराये कि जो भी नाम जुड़ने हैं, उसके लिये जो लोग यहां पर रह रहे हैं उनके नाम जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी को हो गया है, दावे एवं आपत्ति दर्ज करने के लिए 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक की अवधि निर्धारित की गई है। दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि के दौरान 13 एवं 20 जनवरी को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बी.एल.ओ. प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे एवं आवेदन प्राप्त कर वही बी.एल.ओ. मोबाइल एप्प के माध्यम से उन्हें दर्ज करेंगे। दावे एवं आपत्तियां निराकरण करने की अंतिम तिथि 2 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है और फाइनल प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को होगा। उन्होंने कहा फॉम 06 नाम जोड़ने के लिये उपयोग करते है, जो नागरिक 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, या इसके अतिरिक्त 18 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिन्होंने अभी तक मतदाता सूची में पंजीयन नहीं कराया है। वे इस फॉम के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है। फॉम 07 के माध्यम से मतदाता सूची से नाम विलोपित करने के लिये आवेदन कर सकते है एवं फॉम 08 के माध्यम से निवास स्थान परिवर्तन/ मौजूदा मतदाता सूची में प्रविष्टियों के सुधार/ईपीआईसी के प्रतिस्थापन/पीडब्ल्यूडी के चिन्हांकन के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 67 हजार 379 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 2 हजार 627 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 64 हजार 740 है औ थर्ड जेंडर की संख्या 12 हैं। जिले का जेंडर रेश्यो इलेक्ट्रोरल रोल में 925 है महिला अच्छी रजिस्टर हुई है, पिछली बार सभी के सहयोग से भी यह बेहतर हुआ है। ई.पी. रेश्यो 63.25 है जो की 63 से 64 के आसपास होना अच्छा माना जाता है, इसमें भी यदि कुछ लोग और जुड़ जाए क्योंकि जो बच्चे 18 वर्ष के होते रहते हैं उनके नाम जोड़ने अच्छे रहेंगे, जिन्हें जोड़ने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि बी.एल.ए. थोड़े एक्टिवेट कर दें क्योंकि वह जितने एक्टिव रहेंगे, बी.एल.ओ. भी उतना सक्रिय हो जाएंगे। उन्होंने कहा यदि एपिक कार्ड में कोई जानकारी छूटी है जिसके लिये मोडिफिकेशन करवाना चाहते है तो ऐसे में एपिक कार्ड चेंज करवाने के लिये आवेदन दे सकते हैं।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 75 वर्ष पूर्ण होने एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में सागर विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें दमोह जिले के 3000 छात्र-छात्राओं ने इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता संपूर्ण जिले में अलग अलग स्थानों पर आयोजित की गई। सभी दमोह जिले के छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस विषम मौसम में भी परीक्षा को सफल बनाया। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### विभिन्न छुट्टियों के चलते 2024 में 131 दिन का रह गया वर्किंग डे

# कोरोना प्रकोप समाप्ति के साथ सभी बंदिशें भी खत्म, लेकिन शनिवार का अवकाश जारी

**हटा।** कोरोना कल में 50% उपस्थित और कई शर्तों के साथ खोले गए सरकारी दफ्तर अब कोरोना काल की सभी बंदिशें की समाप्ति के साथ फुल उपस्थिति के साथ खोले जा रहे हैं। न तो मास्क की बंदिश बाकी है और न ही भीड़ लगाने पर परहेज है लेकिन कोरोना काल में सरकारी कार्यालय को कम दिवस में खोले जाने की जो गाइड लाइन जारी की थी उसे हटाना सरकार भूल गई। आज जब कोरोना काल के करीब तीन साल बीतने को है फिर भी सरकारी दफ्तरों में शनिवार को अवकाश के रूप में जारी की गई कोरोना गाइडलाइन आज भी जारी है। इस अनदेखी के चलते सरकारी दफ्तर खुल कम रहे हैं और बंद अधिक दिख रहे हैं। 2024 में जो कैलेंडर जारी हुआ है उसमें सरकारी कार्यालय में 131 दिन का अवकाश बताया गया है। ऐसे 131 दिन में से 50 दिन रविवार के 50 दिन कोरोना काल की बंदिश वाले शनिवार के शामिल है। 2020 में आई कोरोना की पहली लहर के बाद देश एक तरह से थम सा गया था सामूहिक जनहानि से बचने की गरज से सरकार ने सभी शासकीय अशासकीय असंस्थानो सहित लोगों का सड़क पर निकलना भी बंद कर दिया था जैसी तैसी कोरोना कल का पहला चरण गीता और लोगों को सड़कों पर निकलने के साथ कामकाज करने की स्वीकृति मिली लेकिन सरकारी दफ्तरों में पहले 50% उपस्थिति के साथ फिर सप्ताह में 5 दिन का दफ्तर खोले जाने के आदेश कोरोना से बचाव के चलते दिए गए थे। कोरोना कल का पहला चरण कुछ महीने बाद समाप्त हो गया और एक साल बाद फिर दूसरा चरण आकर निकल गया। इसके बाद विज्ञान को की हवाले से सरकार ने आमजन को कोरोना से स्वयं लड़ने की एडवाइजरी जारी की यानी जागरूक रहो और सुरक्षित रहो बाकी सारी गाइडलाइन और प्रबंध शिथिल कर दिए गए पर शिथिल नहीं हुआ तो वह निगम जो कोरोना फैलने की दर से 5 दिन का सप्ताह किया गया था आज भी जब कोरोना का खास डर आमजन में नहीं है तब भी सरकारी दफ्तर शनिवार को कोरोना के डर से बंद रखे जा रहे हैं इसके लिए वकायदा श्रम विभाग नियमित रूप से शनिवार का अवकाश जारी रखने का आदेश सरकारी दफ्तरों में भेजता रहता है।

## आजादी के 75 वर्ष बाद भी नहीं सुधरे गैसाबाद के हालात

**गैसाबाद।** एक और जहां केंद्र सरकार आजादी का अमृत महोत्सव मना कर गांव गांव में विकास यात्रा निकाल रही है। वहीं दूसरी और ग्रामीण अंचल के लोग आज भी मूलभूत सुविधाएं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सरकारे बदलती रही विधायक संसद के चेहरे बदलते रहे। सांसद विधायक मंत्री बनते रहे। सांसद केंद्र में मंत्री रहे लेकिन गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र की ओर किसी भी नेता ने ध्यान नहीं दिया। ग्राम की तस्वीर बदलने की कोशिश नहीं की सर्दी के इस मौसम में भी लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। गांव गांव नल जल योजना के तहत नल तो लगा दिए गए लेकिन नलों में पानी नहीं आता है। स्वास्थ्य के नाम पर ग्राम में इकलौता उप स्वास्थ्य केंद्र है जिसमें उच्च डॉक्टर नहीं है। शिक्षा के नाम पर ग्राम का हाई स्कूल कई वर्षों से बिना प्राचार्य के चल रहा है शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षकों की अप डाउन प्रक्रिया के चलते शिक्षणकारी चौपट हो रहे हैं। क्षेत्र में कोई धंधा रोजगार नहीं होने से लोगों का दूसरे शहरों में पलायन बड़े पैमाने पर जारी है क्षेत्र में बिना लाइसेंस के बिना डिग्री के डॉक्टरों की भरमार है कुछ मेडिकल भी बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। ग्राम गैसाबाद से करीबन 50 गांव लगे हुए हैं ग्राम में तहसील भवन तो है लेकिन तहसील कार्यालय में कर्मचारी नहीं रहते हैं ग्राम की उप तहसील सिर्फ नाम मात्र को ही है। जिसका लाभ लोगों को प्राप्त नहीं हो रहा है आज भी ग्राम के लोग आवास योजना के लिए भटक रहे हैं। ज्ञात हो की गैसाबाद जनपद क्षेत्र से ही वर्तमान जनपद अध्यक्ष सदस्य निर्वाचित हुए थे। लेकिन फिर भी अध्यक्ष महोदय द्वारा इस क्षेत्र को नजर अंदाज किया जा रहा है। जो चिंता का विषय है ग्रामीणो ने नवनिर्वाचित प्रदेश सरकार से मांग की है कि विकास के मामले में सबसे पीछे रहे ग्राम गैसाबाद के विकास के लिए सरकार उचित कदम उठाए ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो सके।